तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

# हरिभूमि रतन भूमि

रायपुर, शनिवार 29 नवंबर 2025


12 भारतीय संविधान भारत की सर्वोच्च विधि ...



12 मितानिन बहनें विपरीत परिस्थितियों में स्वास्थ्य ...





**खबर संक्षेप**

## गड्ढों की मरम्मत तेज राहगीरों को मिलेगी राहत



**मैनपुर।** नेशनल हाईवे 130 सी मैनपुर गरियाबंद मार्ग में जर्जर सड़क में पेंच मरम्मत कार्य इन दिनों तेज गति से किया जा रहा है ज्ञात हो कि वर्षों पूर्व इस सड़क का निर्माण किया गया है। धीरे -धीरे सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो रहे है जिसमें सुधार कार्य किए जाने से इसका लाख आने वाले दिनों राहगिरों को मिलेगा।

## भाजयुमो नेता दीपक ने केंद्रीय मंत्री मांडविया से की मुलाकात



**राजिम।** भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया के नेतृत्व में जिले के भाजयुमो नेता दीपक साहू गुजरात यूनिटी मार्च के दौरान केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात कर स्वागत अभिनंदन किया। कहा कि यह मुलाकात हमें एकता, सहयोग और विकास के संकल्प को पूरा करने के लिए मजबूत किया। गुजरात की यह ऊर्जा और उत्साह वास्तव में प्रेरणादायक है।

**मांग :** फंड की कमी से विकास कार्य ठप, पेयजल, सड़क और सफाई के कार्य लटके

# फंड की कमी से जूझ रहे सरपंचों का गुस्सा फूटा, क्लेक्टोरेट घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

फंड की कमी से जूझ रहे ग्राम पंचायत के सरपंचों का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा। शुक्रवार को सैकड़ों की संख्या में जिला मुख्यालय पहुंचे सरपंचों ने संयुक्त जिला कार्यालय का घेराव कर दिया। 05 सूत्रीय मांग को लेकर जिले के 334 ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने संयुक्त जिला कार्यालय के गेट सामने बैठ गए,इस दौरान नेशनल हाईवे 130 सी में अघोषित रूप से चक्काजाम की स्थिति निर्मित हो गई। गरियाबंद जिले के 05 ब्लॉक से सरपंच संघ के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में सरपंच जिला मुख्यालय के शिविल लाइन स्थित कमार विश्राम गृह में इकट्ठा हुए, इस उन्होंने पंचायतों के फंड रोके जाने पर सरकार के विरुद्ध जमकर नाराजगी जताई।

नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन के बीच सरपंच संघ ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। काफी समझाइश के बाद माहौल शांत हुआ और सरपंचों ने प्रदर्शन समाप्त किया। सरपंच संघ ने अपनी तीन प्रमुख मांगों जिसमें ग्राम विकास मद बढ़ाने, ठेकदारी प्रथा समाप्त करने और मानदेय वृद्धि -को लेकर शुक्रवार को जिला मुख्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया। सरपंच संघ के नेतृत्व में निकाली गई यह रैली कलेक्टोरेट पहुंचकर प्रशासनिक तंत्र के खिलाफ उग्र नारेबाजी में बदल गई। सरपंचों का कहना है कि 9 माह के कार्यकाल में फंड के अभाव ने ग्राम विकास कार्यों को पूरी तरह ठप कर दिया है, और गांव की छोटी-छोटी समस्याएं भी अब तक लंबित पड़ी हैं।



### मांग पूरी नहीं होने पर करेंगे उग्र आंदोलन



मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा है। प्रशासन के काफी समझाइश के बाद प्रदर्शन समाप्त किया। मांग पूरी नहीं होने पर आगे भी उग्र आंदोलन करेंगे। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जिला स्तर पर सौंपे गए ज्ञापन पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आने वाले दिनों में वे प्रदेशभर के सरपंचों को एकजुट कर व्यापक आंदोलन करेंगे। धरना स्थल पर कोमल देव ध्रुव अध्यक्ष, सरपंच संघ गरियाबंद पन्नालाल ध्रुव अध्यक्ष, सरपंच संघ छुरा पवन यादव अध्यक्ष, सरपंच संघ देवभोग हलमन धुर्वा अध्यक्ष, सरपंच संघ मैनपुर तथा हरीश साहू अध्यक्ष, सरपंच संघ फिंगेश्वर की अगुवाई में सरपंच बड़ी संख्या में एकत्र हुए।

### विकास कार्यों के लिए फंड नहीं मिल रहा

सैकड़ों सरपंचों का हुजूम रैली के रूप में जब कलेक्टोरेट गेट पहुंचा तो गेट बंद मिला। इस पर सरपंचों ने वहीं जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को अतिरिक्त बल तैनात करना पड़ा। इसी बीच अपर कलेक्टर पंकज डहिरे गेट पर पहुंचे और सरपंच संघ का ज्ञापन प्राप्त किया। प्रदर्शन कर रहे सरपंच पन्नालाल ध्रुव ने कहा कि विकास कार्यों के लिए फंड नहीं मिल रहा, जिससे पेयजल संकट, सड़क मरम्मत, नाली सफाई और सामुदायिक जरूरतों के कार्य अधूरे पड़े हैं। ठेकदारी प्रथा लागू होने से पंचायतों की स्वायत्तता खत्म हो रही है और योजनाएं धरातल पर प्रभावी तरीके से नहीं उतर पा रहीं। मानदेय अत्यंत कम होने के कारण सरपंचों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

### पंचायतों की स्वायत्तता खत्म हो रही

नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन के बीच सरपंच संघ फिंगेस्वर के अध्यक्ष हरीश साहू ने कहा कि विकास कार्यों के लिए फंड नहीं मिल रहा, जिससे पेयजल संकट, सड़क मरम्मत, नाली सफाई और सामुदायिक जरूरतों के कार्य अधूरे पड़े हैं। ठेकदारी प्रथा लागू होने से पंचायतों की स्वायत्तता खत्म हो रही है और योजनाएं धरातल पर प्रभावी तरीके से नहीं उतर पा रहीं।मानदेय अत्यंत कम होने के कारण सरपंचों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# एसडीएम डॉ. मरकाम ने आश्रम और धान खरीदी केंद्र का किया औचक निरीक्षण, लापरवाहों पर गिरी गाज



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

- आश्रम अधिक्षक मिला गायब कारण बताओ नोटिस जारी
- धान खरीदी केन्द्रों में पहुंचकर किसानों से की चर्चा

मैनपुर एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम शुक्रवार को तौरेंगा स्थित आदिवासी बालक आश्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं के सुविधा, शिक्षा गुणवत्ता का जायजा लिया। बच्चों को मिलने वाली भोजन को चख कर देखा और बेहतर भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया साथ ही बच्चों के कमरो का निरीक्षण किया जहां साफ -सफाई नहीं होने पर एसडीएम ने नराजगीय जताई और साफ- सफाई के साथ ही गद्दा चादर मच्छरदानी का भी समय-समय पर सफाई करने के साथ बच्चों को ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े पर्याप्त चादर, कम्बल उपलब्ध कराने को कहा है। इस दौरान बच्चों ने एक ही प्रकार की सब्जी प्रतिदिन देने की शिकायत किया साथ ही आश्रम अधीक्षक हमेशा नदारत रहने की शिकायत किया और आज निरीक्षण के दौरान भी आश्रम अधीक्षक गायब मिला जिसे कारण बताओं नोटिस जारी किया जा रहा है इसके बाद एसडीएम ने मैनपुर गौरघाट धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया और किसानों से धान खरीदी के संबंध में चर्चा किया। धान खरीदी से जुड़ी व्यवस्थाओं का अवलोकन कर केन्द्रों पर पर्याप्त बारदाना, टोकन की ठ य व स्था सु ठ य व स्थि त पारदर्शी बनाये रखने के साथ ही केन्द्र परिसर में किसानों के लिए पेयजल छाया, स्वच्छता अन्य मूलभुत सुविधाओ की व्यवस्था सूचारू बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होने कहा की धान खरीदी सरकार की महत्वपूर्ण है इसलिए किसानों को कोई परेशानी न हो इसकी व्यवस्था तत्काल किया जाय। साथ ही प्रबंधक की लापरवाही पर कारण बताओं नेटिस जारी करने की बात कही है। इस दौरान किसानो ने कई समस्याओं से एसडीएम से अवगत कराया। एसडीएम ने समस्या समाधान करने बात कही है।

**पुरुष नसबंदी पखवाड़ा**

# शिविर में 8 ऑपरेशन, पुरुषों से सहभागिता की अपील

**फिंगेश्वर।** विकासखंड फिंगेश्वर में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन 21 नवंबर 2025 से 4 दिसंबर 2025 तक किया जा रहा है, पखवाड़ा के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला गरियाबंद के डॉक्टर यूएस नवरत्न के निर्देशन व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एसएल हुमने के मार्गदर्शन में दिनांक 28 नवंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फिंगेश्वर में पुरुष नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 08 पुरुष नसबंदी का सफल ऑपरेशन सर्जन डॉ. एचके चौहान व डॉ. ए हुमने के द्वारा किया गया।

बीएमओ डॉ. हुमने ने बताया की पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के तहत परिवार नियोजन के स्थाई साधन पुरुष नसबंदी को बढ़ावा देना है। इस के लिए हमारे ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक व मितानिनों के द्वारा गृह भेंट कर पुरुष नसबंदी के बारे में प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोग पुरुष नसबंदी अपनाए।स्वस्थ्य एवं खुशहाल



परिवार पुरुष सहभागिता से ही होगा।यह सपना साकार महिलाओं की जगह पुरुष नसबंदी बहुत ही सरल और सहज है। एक छोटा सा चीरा लगाकर पुरुष नसबंदी किया जाता है। बीएमओ डॉ. हुमने ने सभी जन समुदाय से अपील किया है कि पुरूश अधिक से अधिक संख्या मे नसबंदी कराकर महिलाओ के हित मे अपनी जिम्मेदारी निभावे। इस अवसर पर डॉ. भूपेंद्र कुर्रे, बीईटीओ योगेश पराना, पर्यवेक्षक लेखराम वर्मा, संतोष निषाद, अशोक साहू, स्टाफ नर्स मानकुंवर साहू, मिथलेश ध्रुव, कंचन कुर्रे, आशीष मंडावी, फार्मासिस्ट अंजना साहू, आरएचओ पुरुषोत्तम वर्मा, तोरण साहू, तोकेश्वर प्रसाद वर्मा, ड्रेसर लोकनाथ साहू चतुर्थ श्रेणी देवनारायण ध्रुव लक्ष्मण साहनी का सहयोग रहा।

# 5वीं के छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद में मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत अमलीपदर थाना क्षेत्र में 27 नवंबर को एक 5वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र का शव पेड़ से लटका मिला। परिजनों का दावा है कि बच्चा एक सप्ताह से मानसिक रूप से परेशान था। उससे कई बार पूछने की कोशिश की गई लेकिन किस को उसने कुछ भी नहीं बताया था, अमलीपदर थाना क्षेत्र के खरीपथरा गांव में गुरुवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई. गांव में रहने वाले एक 5वीं क्लास के छात्र ने आत्महत्या कर ली. मृतक बच्चे की पहचान चौहान यादव के रूप में हुई है। उसका शव घर से करीब 100 मीटर दूर एक पेड़ पर झूलता हुआ मिला। घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। लोग समझ नहीं पा रहे कि इतनी छोटी उम्र में बच्चे ने इतना बड़ा कदम क्यों उठा लिया। आखिर वजह क्या थी, अगर वो परेशान था तो किस वजह से था? मृतक छात्र के घरवालों ने बताया कि वो पिछले लगभग एक सप्ताह से मानसिक रूप से काफी परेशान था। घरवालों ने कई बार उससे परेशानी की वजह पूछने की कोशिश की, लेकिन वह चुप रहता था। वो कोई जवाब नहीं देता था। आखिर तक लोगों को समझ नहीं आया कि आखिर उसकी ऐसी हालत क्यों हो गई है। परिवार समझ नहीं पाया कि बच्चे के मन में ऐसा क्या चल रहा था कि उसने इतना गंभीर कदम उठा लिया।

### सुबह चरवाहों ने देखा शव

घटना की जानकारी सुबह तब मिली जब गांव के लोग खेतों की ओर जा रहे थे और उन्होंने पेड़ से लटकता हुआ शव देखा। तुरंत इसकी सूचना परिजनों और गांव के सरपंच को दी गई। इसके बाद अमलीपदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना के पीछे की वजह के बारे में गांव के लोगों से जानने की कोशिश की। हालांकि, उन्हें कोई जानकारी नहीं मिल पाई।

### पुलिस मामले की जांच में जुटी

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अमलीपदर थाना प्रभारी ने बताया कि मौत के कारणों की जांच की जा रही है। जांच की कड़ी में परिजनों के बयान भी लिए जाएंगे। प्रारंभिक तौर पर यह मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। सवाल ये भी है कि कहीं ये हत्या तो नहीं हैं?

**ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे**

# वनांचल में बढ़ी ठंड, पहाड़ी गांव में शीतलहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

पिछले एक सप्ताह अचानक मौसम परिवर्तन हो गया था और तापमान बढ़ गया था ठंड गायब हो गई थी लेकिन पिछले दो दिनों से वनांचल क्षेत्र में फिर शीतलहर के चलते लोग कपकपा उठे है। गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के वनांचल पहाड़ी के ऊपर बसे विशेष पिछड़ी जन जाति ग्राम ताराझर, कुरवापानी, मटाल, आमामोरा, ओड़ मे शीतलहर के चलते मौसम एकदम ठंडा हो गया है जहां साल के घने जंगल और हजारो मीटर ऊंचाई पहाड़ी के ऊपर बसे होने के कारण ठंड सर्वाधिक रहता है वैसे भी इन दिनों प्रदेश मे सर्द हवा और ठंड बढ़ने से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है लेकिन गुरूवार रात इस क्षेत्र के इन पहाड़ियो के ऊपर बसे ग्रामों में सबसे ज्यादा ठंड का अहसास ग्रामीणों को हुआ है। कड़कड़ाती ठंड के कारण सुबह घना कोहरा और पैरावट तथा पेड़- पौधों के पत्तों पर ओस की बुंदे सफेद जमे हुए नजर आ रही थी। इस बिहड़ वनांचल मे बसे ग्रामों में विशेष पिछड़ी कमार जन जाति के लोग निवास करते है और ठंड से बचने के लिए ये ग्रामीण अलाव का सहारा लेते है लगभग सभी ग्रामीणों के घरों में शाम से अलाव जलना प्रारंभ हो जाता है जो सुबह 09 बजे तक अलाव जलाते है और ग्रामीण इसी अलाव के सहारे रात गुजारते है बहुत कम गर्म कपड़ों के बावजूद ग्रामीण वनांचल में आज भी लोग अलाव के सहारे अलाव के नजदीक सो कर रात गुजारते देखे जा सकते है। कई बार अलाव के कारण दुर्घटना भी घट चुकी है लेकिन ग्रामीण रामसिंग मरकाम, धनेन्द्र नेताम, उमेश सोरी ने बताया पहाड़ी के ऊपर निवास करने वाले ग्रामीण वर्शो से ठंड के दिनो मे रात गुजारने के लिए अलाव का सहारा लेते है। आने वाले कुछ दिन क्षेत्र मे तापमान और कम होने का अनुमान लगाया जा रहा है।



### नगर सहित क्षेत्र में मार्निंग वाक करने वाले कम दिखे

पिछले दो दिनों से अचानक ठंड बढ़ने से सुबह मार्निंग वाक करने वाले की संख्या अचानक कम हो गई है। भारी ठंड से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं दूसरी ओर खेती किसानी का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है।




# हाईस्कूल मैदान में हुआ सांसद खेल महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बसना

सांसद खेल महोत्सव का आयोजन नगर पंचायत बसना के अंतर्गत हाईस्कूल मैदान में महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

खेल महोत्सव के कार्यक्रम में मीडिया से चर्चा के दौरान रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत लक्ष्य से ज्यादा बच्चों का पंजीयन कराया गया है। इससे लगता है कि बच्चों की खेल के प्रति उत्साह एवं जागरूकता आई है। बसना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत संकुल केंद्र भुकेल, बड़े साजापली, गढफुलझर में खेल महोत्सव का आयोजन हो चुका है। आज बसना नगर में दोबारा खेल महोत्सव का आयोजन हो रहा है। खेल के प्रति बच्चों का उत्साह दिख रहा है। खेल के प्रति बच्चों की प्रतिभा को सामने लाने के लिए सांसद खेल महोत्सव का आयोजन



किया जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कथन है खेलेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया के मिशन पर यह आयोजन किया जा रहा है।

छत्तीसगढ कबड्डी कोच हेमंत बारीक ने बताया कि शासन द्वारा आयोजित सांसद खेल महोत्सव निश्चित ही एक अच्छा आयोजन है। पूरे विधानसभा क्षेत्र में चल रहे खेल महोत्सव से निश्चित ही बच्चे अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर उच्च स्तर को प्राप्त करेंगे। पारंपरिक खेल जो उभरकर सामने नहीं आ रहे थे, सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से इसका परिणाम सकारात्मक आयेगा। छिबर्रा से कबड्डी खेलने पहुंचे छात्रा ईश्वरी यादव ने कहा कि खेल महोत्सव में भाग लेकर मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। आदर्श हायर सेकंडरी स्कूल, स्वामी आत्मानंद स्कूल, शासकीय कन्या शाला के अलावा पथरला सहित विभिन्न स्कूलों के छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। स्कूली छात्राओं द्वारा खेल महोत्सव में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने छात्राओं के उत्कृष्ट प्रस्तुति से खुश होकर उन्हें पुरस्कार भी दिया।

सांसद खेल महोत्सव के आयोजन में मोंगरा पटेल अध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद, हरिशंकर पैंकरा एसडीएम, पीयूष ठाकुर सीईओ जनपद पंचायत, सूरज सिदार सीएमओ, शीत गुप्ता उपाध्यक्ष नगर पंचायत, पार्षद मुजम्मिल कादरी, महेंद्र सिंह अरोरा पिंटू, मनोज गहेरवाल पार्षद, नरेंद्र यादव मंडल अध्यक्ष, अनिल साव बीआरसी, शरण दास राजन अध्यक्ष शिक्षक संघ, मोहित पटेल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, भीष्म प्रधान इंजीनियर के अलावा शिक्षकों, नगर पंचायत के कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



### महिलाओं ने की महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में अगहन महीना के चौथे गुरुवार को मां लक्ष्मी की महिलाओं ने पूजा-अर्चना की। शाम को महादेव मंदिर में माता लक्ष्मी के नाम से दीप जलाकर पूजा अर्चना की गई। इस दौरान सुखीया धीवर, अरूणा धीवर ने अगहन बृहस्पति की कहानी सुनाई। महिलाओं को बताया गया कि महालक्ष्मी को प्रसन्न करने पूरे विधि-विधान से पूजा करते हैं, जिससे उनकी कृपा सदैव परिवार पर बने रहते हैं। इस दौरान अरूणा, शिवकुमारी, सरोज, माधुरी, लेख, रेखा, ममता, उतरा, लीना, दुर्गा, पूजा, गायत्री, अंजू, मंजू, सुमित्रा, देवकी, मीना, सरोज, पूनम, कविता, मोनिका, मालती, ज्योती, नीलम आदि मौजूद रहे।




### तुमगांव नपं में आधार सेवा केंद्र संचालित

**महासमुंद।** इन हाऊस मॉडल के अंतर्गत आधार सेवा केंद्र नगर पंचायत तुमगांव में संचालित हो रहा है। आधार कार्डधारियों के आधार संबंधी समस्याओं जैसे नया आधार बनाना, आधार बायोमेट्रिक अपडेट कराना, आधार सुधार नगर पंचायत भवन तुमगांव में किया जाएगा। नया आधार बनाना निःशुल्क तथा अपडेट का कार्य निर्धारित शुल्क के साथ बनवा सकते है।

# प्रतिभा पब्लिक स्कूल में सद्भाविक क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी में एक सद्भाविक क्रिकेट



प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सत्र 2025 की चैंपियन टीम सैफरन हाउस और शिक्षक संघ की टीम आमने-सामने हुई। टॉस जीतकर शिक्षक संघ के कप्तान नीलम पाणिग्रही ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। निर्धारित 5 ओवरों में टीम ने तीन विकेट खोकर 59 रन बनाए। इसमें उमेश सर ने सर्वाधिक 13 रन बनाकर नॉट आउट रहते हुए महत्वपूर्ण योगदान दिया। सैफरन हाउस को जीत के लिए 60 रनों का लक्ष्य मिला, लेकिन टीम 5 ओवरों में 6 विकेट खोकर केवल 34 रन ही बना सकी। इस प्रकार शिक्षक संघ ने 25 रनों से शानदार विजय प्राप्त की। मैच में ग्रंथपाल कुशांक शर्मा ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए दो ओवर में चार विकेट झटके और 11 रन बनाए। वहीं थमेश निषाद ने भी दो ओवर में दो विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। अंपायरिंग का दायित्व राजेश दुबे और निशिकांत नायक ने निभाया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ मैच का आनंद लिया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### छग सहायक शिक्षक समग्र फेडरेशन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बने सिराज

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर ने संगठन की प्रदेश कार्यकारणी का विस्तार करते हुए महासमुंद जिले के शिक्षक नेता सिराज बक्श को उनकी सक्रियता को ध्यान में रखते हुए लगातार तीसरी बार संगठन की बड़ी जिम्मेदारी प्रदान की है। सिराज बक्श संगठन के तीसरी बार प्रदेश अध्यक्ष बने हैं। अपनी नियुक्ति के लिए उन्होंने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर, संयोजक मनीष मिश्रा के प्रति आभार जताते हुए कहा कि जिस विश्वास के साथ संगठन ने उनको यह महती जवाबदारी दी है वे दी गई जिम्मेदारी का पूरी इमानदारी और जवाबदारी के साथ निर्वाहन करेंगे। सिराज ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता सहायक शिक्षकों की लंबित वेतन विसंगति का निराकरण करवाना होगा। साथ ही संगठन को रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्य की दिशा में आगे लाना उनका उद्देश्य होगा। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनने पर जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर,बीपी मेश्राम, बाबूलाल ध्रुव, प्रकाश बघेल, शरण दास, गणेश चौहान, कमलेश पटेल, विजय राजपूत, अजय बंजारे, राजेश चंद्राकर, राजेश भालेराव, मुकेश बेस, अभिषेक सालोमन, आत्माराम साहू, लव निर्मलकर, खुमान ध्रुव, ललित साहू, मनोज साहू, अशोक साहू, उमाशंकर चंद्राकर, धीरेंद्र दुबे, भूपेंद्र चंद्राकर, जाहिद कुरैशी, इम्तियाज अशरफी, यश चक्रधारी आदि ने हर्ष जताया है।




### कोसरंगी में मनाया गया मितानिन दिवस

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत कोसरंगी में मितानिन दिवस मनाया गया। जिसमें ग्राम पंचायत कोसरंगी के सरपंच सुरेश कुमार साहू एवं पंचों द्वारा मितानिनों को साड़ी एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरपंच ने मितानिनों द्वारा स्वास्थ्य के प्रति किए गए कार्यों की सराहना करते हुए सभी मितानिनों को आगे भी अपने कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कोसरंगी सचिव ओमप्रकाश साहू, पंच टुकेश्वर साहू, घनश्याम निषाद, उत्तम साहू, जानकी साहू, मालती साहू, मालती विश्वकर्मा, गणेशी ध्रुव, तुलसी निषाद, मितानिन दीप्ति साहू, रत्ना यादव, मंगतिनन निषाद, संतोषी तिवारी, गायत्री साहू आदि उपस्थित रहे।



### हर्षवर्धन का डीएसपी पद पर चयन

**महासमुंद।** ब्राह्मण समाज ने हर्षवर्धन शर्मा का सीजीपीएससी के अंतर्गत डीएसपी पद पर चयन होने पर हर्ष जताया है। इस अवसर पर समाज के कार्यकारिणी अध्यक्ष अश्वनी तिवारी, उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, सचिव दीपक तिवारी, सहसचिव कुंदन चतुर्वेदी, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष समीर तिवारी और समाज के नागरिक उपस्थित रहे। अश्वनी तिवारी ने हर्षवर्धन की इस कामयाबी पर हर्ष जताते हुए उच्च शिखर पर पहुंचने की कामना की है। पार्षद मनीष शर्मा ने बताया कि हर्ष ने सीजीपीएससी में लगातार चार बार पास किया और पूरे छत्तीसगढ़ में 34वीं रैंक हासिल की।

### ब्लाक कार्यकारिणी का हुआ गठन, दयानंद अध्यक्ष व नरहरी सचिव नियुक्त

**सरायपाली।** सामुदायिक भवन में आयोजित सामाजिक बैठक में सर्वसम्मति से ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में विभिन्न पदों पर नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। नवनियुक्त ब्लॉक पदाधिकारियों में ब्लॉक संरक्षक कमलप्रसाद चौहान, सलाहकार पीतांबर चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष दयानन्द ताण्डी, सचिव नरहरी कुम्हार, कोषाध्यक्ष कलाराम चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ लक्ष्मीप्रसाद नंद , ब्लॉक अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ दीपांजलि ताण्डी, ब्लॉक अध्यक्ष व्यापारी प्रकोष्ठ सनतराम चौहान. ब्लॉक उपाध्यक्ष (दक्षिण क्षेत्र) सुरेश नाग, ब्लॉक उपाध्यक्ष (दक्षिण-पूर्व क्षेत्र) सुरेश कुमार, ब्लॉक उपाध्यक्ष (पश्चिम क्षेत्र) हीरालाल चौहान, ब्लॉक उपाध्यक्ष (पूर्व क्षेत्र) गोकुल सागर, ब्लॉक उपाध्यक्ष (उत्तर क्षेत्र) रामधर चौहान, ब्लॉक सहकोषाध्यक्ष धुबल साय शामिल है। कार्यकारिणी गठन के दौरान घाटकछार से विरंची बेताल, प्रमोद विभार, तोषकुमार कुम्हार, सानपंधी से मोहन चौहान, श्यामलाल चौहान, हेमसागर, भोथलडीह से डोलामणि दीप, रिमजी से बद्रीप्रसाद चौहान, निराकार सागर, बलौदा से मूलचंद सोना, सहदेव कुम्हार, संतलाल सोना, पेकिंन से रघुमनि कुम्हार,रामलाल चौहान, केंदुआ से जलंधर चौहान, कन्हैयालाल चौहान आदि मौजूद रहे।



### नवपदोन्नत प्राचार्य पुरोहित का सम्मान

**पिथौरा।** व्याख्याता से प्राचार्य पद पर पदोन्नत होने पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सुखीपाली में नवपदोन्नत प्राचार्य राजेंद्र कुमार पुरोहित का पालक समिति, बच्चों व ग्रामीणों ने समारोह आयोजित शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्य पुरोहित ने उपस्थितजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा में पूर्ण गुणवक्ता मेरी हमेशा से प्राथमिकता है। बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा मिले, इस बात पर मेरा पूरा फोकस रहता है। इस अवसर पर शाला विकास समिति अध्यक्ष प्रेमशंकर प्रधान, रक्षपाल विशाल, प्रधानपाठक एच प्रधान, संकुल समन्वयक अशोक पटेल, अंशुमान तांडी, हरीश चंद विशाल, जे मिरी, हरेश पटेल, देवेंद्र कुमारी बरिहा, केवरा वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### रामजानकी मंदिर में गीता जयंती 1 को

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी के रामजानकी मंदिर में 1 दिसंबर सोमवार को गीता जयंती का आयोजन किया गया हैं। जिसका शुभारंभ प्रातः 10 बजे भक्तों द्वारा सामूहिक गीता पाठ से किया जाएगा। शाम 5 बजे गीता के महात्म्य पर संबोधन पश्चात पूजा आरती होगी। सनातन वैदिक धर्म समिति के सदस्यों ने धर्म संस्कृति के गौरवशाली क्षण में सहभागी बनने की अपील की है।

# सेंट जॉन्स स्कूल में छत्तीसगढ़ राजभाषा दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

छत्तीसगढ़ राजभाषा दिवस के अवसर पर सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल, छुरा में भाषा, संस्कृति एवं परंपराओं को समर्पित विभिन्न गतिविधियों का भव्य और स्नेहपूर्ण आयोजन स्कूल असेम्बली में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत आर पा पैरी के धार से हुई।

जिसके बाद विद्यालय के प्रबंधक जार्ज जेकब, प्राचार्य बिंदु जार्ज जेकब शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी राजभाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ी भाषा से जुड़ी कई प्रतिस्पर्धाएं एवं सांस्कृतिक गतिविधियां प्रस्तुत की गईं। भाषण,



वाद-विवाद, कविता पाठ, निबंध लेखन जैसी बौद्धिक प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और राजभाषा के महत्व को प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त किया। साथ ही, छत्तीसगढ़ी लोकगीत, राउत नाचा,सुआ,गीत,पंथी,दादरिया,पंड वानी,कर्मा नृत्य आदि का भी विशेष रूप से बखान किया गया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत हमर भाखा हमर गोठ थीम पर आधारित समूह गान ने पूरे माहौल को छत्तीसगढ़ी रंग में रंग दिया। छात्रों ने पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग के माध्यम से भी छत्तीसगढ़ी भाषा के संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया। विद्यालय के प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजभाषा छत्तीसगढ़ी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी पहचान, संस्कृति और इतिहास का गौरव है। उन्होंने बच्चों को अपनी भाषा के प्रति सम्मान और गर्व की भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया। राजभाषा दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में अपनी भाषा और संस्कृति के प्रति गर्व एवं जागरूकता की नई ऊर्जा भर दी।

### जमीन रजिस्ट्री नई गाइड लाइन को लेकर प्रदर्शन

**रायपुर।** आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा जारी जमीन रजिस्ट्री की नई दर को लेकर गुरूवार को पंजीयन निवारण संगठन ने प्रदर्शन किया। हाथों में बैनर पोस्टर लेकर 7 सूत्रीय मांग के प्रति ध्यान आकर्षित कराते हुए जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि भूमि की लगान प्रति वर्ग मीटर दर से एक समान दर पर निर्धारित किया जाए। शहरी क्षेत्र के लिए अलग और ग्रामीण क्षेत्र के लिए अलग दर का निर्धारण तीन वर्ष के लिए हो। नई गाइड लाइन दर में वृद्धि को वापस लिए जाने की मांग करते हुए नारे लगाए।

**रायपुर।** पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने गुरूवार को जनसंवाद के दूसरे दिन गांव के किसानों और छोटे जमीन का काम करने वालों से बातचीत की।

# रामपुर जंगल में सरकारी कटाई के नाम पर हो रही अवैध कटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलप

समीपस्थ ग्राम रामपुर स्थित जंगल में सरकारी कटाई के नाम पर बड़े पैमाने में अवैध कटाई हो रही है। जमीनी पड़ताल में यह बात सामने आई है कि कक्ष क्रमांक 51 में लगभग 100 हेक्टेयर जंगल पूरी तरह बर्बाद हो चुका है। मौके पर पेड़ों के ठूंठ, टूटी डालियां और अवशेष साफ संकेत दे रहे हैं कि यहां लंबे समय से बिना अनुमति के कटाई की गई है। मौके का जायजा लेने पहुंचे संवाददाता को जंगल का

**100 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र ठूंठ में तब्दील**

यह बड़ा इलाका खाली पड़ा मिला। स्थानीय वनरक्षक भागा साहू से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। वहीं वन परिक्षेत्र अधिकारी सियाराम करमाकर ने बताया कि पिछले वर्ष कक्ष क्रमांक 52 में सरकारी कटाई हुई थी और फिलहाल कक्ष क्रमांक 53 में सरकारी कटाई जारी है, जिसका रकबा 150 हेक्टेयर है। लेकिन, कक्ष क्रमांक 52 और 53 में आधिकारिक कटाई जारी होने के दौरान कक्ष क्रमांक 51 में इतनी बड़ी मात्रा में पेड़ कैसे काटे गए? ग्रामीणों का भी कहना है कि कई दिनों से रात के समय ट्रैक्टर और ट्रॉली जंगल की ओर देखे गए हैं। बता दें कि जंगल का यह इलाका वन्यजीवों और पर्यावरण के लिहाज से बेहद संवेदनशील माना जाता है। अवैध कटाई पर समय रहते रोक नहीं लगाए जाने पर पूरा जंगल उजाड़ हो जाएगा।

### वाटरशेड महोत्सव में बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रायपुर।** वाटरशेड महोत्सव के कार्यक्रम के तहत तिल्दा क्षेत्र के ग्राम पिकरीडीह में विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसमें दीवाल लेखन, स्लोगन, रंगोली प्रतियोगिता, श्रमदान, भूमि पूजन एवं पारंपरिक नृत्य का आयोजन किया गया आयोजन के दौरान जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुलारी सुरेंद्र वर्मा, सरपंच, वाटरशेड कमेटी अध्यक्ष पीकरीडीह सरस्वती भागवत धीवर, उप सरपंच अश्वनी पाटिल सहित समस्त पंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया।

# तय सीमा से अधिक आयु के बाद भी नियुक्ति, विरोध में छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि में कथित फर्जी नियुक्ति को लेकर छात्रों ने मोर्चा खोल दिया है। आरटीई के जरिए प्राप्त एक जानकारी के आधार पर एनएसयूआई ने नियुक्ति में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। मामला टेक्नीशियन ग्रेड-2 के पद पर भर्ती का है। एनएसयूआई ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। एनएसयूआई ने आरोप लगाया, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में टेक्नीशियन ग्रेड-2 के पद पर एक कर्मचारी की नियुक्ति से जुड़े दस्तावेजों तथा सूचना का



अधिकार से प्राप्त अभिलेखों के परीक्षण के बाद यह गंभीर तथ्य सामने आया है कि उक्त नियुक्ति विश्वविद्यालय के अपने ही नियमों, विज्ञापन शर्तों और आयु-मानदंडों के खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन के साथ की गई है। इस संदर्भ में कुलपति प्रो.सच्चिदानंद शुक्ल से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की है कहा गया है कि विज्ञापन में आयु सीमा 35 वर्ष का जिक्र था,और जिस कर्मचारी को नियुक्त किया गया उनकी उम्र 37 वर्ष 5 माह 13 दिन थी। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शान्तनु झा ने कहा, यह मामला मात्र अपात्र नियुक्ति का नहीं है, बल्कि इससे भी अधिक गंभीर है वह तथ्य कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस नियुक्ति को बचाने के लिए क्षेत्रीय उच्च शिक्षा कार्यालय, राज्यपाल कार्यालय, यूजीसी और नैक जैसे उच्च संस्थानों को व्यवस्थित रूप से गलत एवं भ्रामक जानकारी भेजी।

# नगर सैनिक गोपीराम पर चौथी शादी की तैयारी का आरोप, तीसरी पत्नी ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

गरियाबंद में पदस्थ नगर सैनिक गोपीराम मिरी की शादीशुदा ज़िंदगी किसी फ़िल्मी स्क्रिप्ट से कम नहीं लग रही। एक के बाद एक तीन शादियां करने के बाद अब उन पर चौथी शादी रचाने की तैयारी का आरोप लगा है। तीसरी पत्नी सुशीला रात्रे ने अब पुलिस और प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए पूरा मामला सार्वजनिक कर दिया है। उक्त मामला अब पुलिस अधीक्षक तक पहुंच गए हैं।

ग्राम बकली निवासी गोपीराम पर आरोप है कि उन्होंने हिंदू विवाह अधिनियम को ताक पर रखकर पहले पटेवा की पायल सोनवानी, फिर पचेरा की बिना बाई, और तीसरी बार रायपुर की सुशीला रात्रे से शादी की। सुशीला का दावा है कि गोपीराम ने खुद को कुंवारा बताकर 13 अप्रैल 2023 को उनसे सामाजिक रीति-रिवाज से विवाह किया और करीब ढाई साल तक गरियाबंद में किराए के मकान में साथ रहे। सुशीला के आरोप और भी गंभीर हैं। उनका कहना है कि 22 सितंबर 2025 को ससुराल पक्ष के लोगों ने उन्हें हाथ-पैर और दुपट्टे से बांधकर जमीन पर पटक दिया। आरोप है कि जानकी बाई ने उनके मुंह पर कपड़ा डालकर बेहोश कर दिया। होश आने पर उन्होंने थाना राजिम में एफआईआर दर्ज कराई, लेकिन अभी तक कार्रवाई औपचारिकताओं तक ही सीमित है।

इसी बीच सबसे बड़ा खुलासा सुशीला का कहना है कि गोपीराम चौथी शादी की जुगत में हैं। बताया जा रहा है कि वह अभनपुर में हुए एक सामाजिक सम्मेलन में बायोडाटा लेकर भी पहुंच गए थे। तीसरी पत्नी ने एसपी गरियाबंद, नगर सेना मुख्यालय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

### पहली पत्नी को हर माह दे रहा गुजारा भत्ता

गोपीराम की पहली पत्नी पायल सोनवानी से उनकी एक 8 वर्षीय बेटी भी है। फैमिली कोर्ट रायपुर से तलाक के बाद वह उसे हर महीने 5000 रुपये गुजारा भत्ता देते हैं। दूसरी पत्नी बिना बाई का आरोप है कि शादी के एक महीने बाद ही मारपीट कर उन्हें घर से बाहर निकाल दिया गया। अब तीसरी पत्नी सुशीला का आरोप है कि चौथी शादी की राह साफ करने के लिए उन पर क्रूरता, धमकी और हमला किया जा रहा है।

### शिकायत मिली है

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरियाबंद जितेंद्र चंद्राकर ने बताया कि पीड़िता सुशीला रात्रे ने अपने साथ हुई मारपीट, उत्पीड़न और धोखे से शादी करने की लिखित रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई है। एएसपी चंद्राकर के अनुसार, पीड़िता ने शिकायत में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि उसके पति गोपीराम मिरी ने खुद को कुंवारा बताकर उससे विवाह किया, जबकि वह पहले से विवाहित था। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी नगर सैनिक गोपीराम के विरुद्ध कानूनी प्रावधानों के तहत अपराध दर्ज किया और उसे न्यायालय में पेश कर दिया है।

**खबर संक्षेप**

## स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल के सोहनलाल सेन प्रिंसिपल बने



**फिंगेश्वर।** शुक्रवार को सेजेस स्कूल फिंगे"वर मे नये प्रिंसपल सोहन लाल सेन ने प्रिंसपल पद का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल सोहन लाल सेन ने प्रार्थना सभा में 12 वी में मेरिट आने वाले को दस हजार व दसवीं में मेरिट में आने वाले छात्र को 5 हजार रूपये की राशि से पुरस्कृत करने की घोषणा किया। नये प्राचार्य का शाला के सभी टीचरों ने गुलदस्ता भेंटकर कर स्वागत एवं सम्मान किया है। इस अवसर पर उन्हें मुकेश निर्मलकर,महेश साहू,कुंदन रावत,उमेश यदु,फणेश्वर साहू,माधव देवांगन,विनोद साहू,देवेश्वर महाड़िक, कृष्णेंदु मंडल, भागवत भार्गव, ऋषभ शर्मा, ईश्वर मालाकार, विकास चंद्राकर, देव सिन्हा, टीकम साहू, थनेश्वर साहू, सारिका साहू, विनीता साहू, काजल शर्मा, कृतिका पुंज, सृष्टि दीक्षित, गीतांजलि सिन्हा, अंशी कुजूर, कल्पना साहू, चेतना किरण, क्षमेश्वरी बंजारे, शताक्षी शर्मा, समीक्षा तारक, आशीष मरकाम आदि ने बधाई दी।

## 150 लीटर महुआ शराब जब्त

**गरियाबंद।** गरियाबंद जिले की आबकारी टीम ने वृत्त गरियाबंद के अंतर्गत गश्त के दौरान ग्राम केशोडार से लगे जंगल में कच्ची मदिरा विनिर्माण के संभावित स्थलों पर कार्यवाही कर जंगल में रखे 150.00 बल्क लीटर अवैध कच्ची मदिरा मिली। जिसे आबकारी विभाग ने कब्जे में ले लिया। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 (संशोधित 2011) की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। आरोपी की पतासाजी की जा रही है। इस दौरान आबकारी उपनिरीक्षक नागेशराज श्रीवास्तव, रजतचंद ठाकुर, आबकारी मुख्य आरक्षक चंदलोल गायकवाड़, नगर सैनिक संजय नेताम, महिला नगर सैनिक हेमबाई साहू, तथा वाहन चालक गोवर्धन सिन्हा का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## 11 करोड़ की लागत से बनेगा श्री श्री राधा गिरिधारी मंदिर, 19 दिसंबर को भूमिपूजन

**गरियाबंद।** इस्कॉन गरियाबंद परिवार द्वारा नगर में श्री श्री राधा-गिरिधारी मंदिर निर्माण का भव्य भूमिपूजन 19 दिसम्बर 2025 को किया जाएगा। भूमिपूजन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे। भव्य मंदिर का निर्माण छिन्द तालाब के पास 80,000 स्क्वेयर फीट भूमि पर किया जाना है, जिसे नीरज मिश्रा परिवार ने प्रदान किया है। मंदिर की ऊंचाई 81 फीट और अनुमानित लागत करीब 11 करोड़ रुपये होगी। भूमिपूजन की तैयारी को लेकर 27 नवंबर को बैठक आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता श्रोत्म दास प्रभु (प्रबंधक, इस्कॉन गरियाबंद) ने की। बैठक में नगर के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और व्यापारी वर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सभी ने कार्यक्रम में सहयोग का आश्वासन दिया। यह भव्य मंदिर न केवल गरियाबंद की धार्मिक पहचान को मजबूत करेगा बल्कि पर्यटन और स्थानीय व्यवसाय को भी नई दिशा देने की उम्मीद है।

## छात्रावास परिसर में अंबेडकर प्रतिमा का अनावरण

**महासमुंद।** राष्ट्रीय संविधान दिवस पर 26 नवंबर को शासकीय आदर्श अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रावास परिसर पेंशन बाड़ा रायपुर में भारतीय संविधान निर्माता, महान समाज सुधारक एवं मानवाधिकारों के विश्व-प्रसिद्ध विद्वान भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया गया।

## गोस्वामी समाज की बैठक कल

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई की कार्यकारिणी बैठक 30 नवंबर रविवार को दोपहर 12 बजे ग्राम लभराकला में रामेंद्र प्रकाश गिरि के निवास में रखी गई है।

### शोभायात्रा : श्रद्धा-भक्ति का उमड़ा सैलाब, यात्रा का जगह-जगह हुआ अभूतपूर्व स्वागत

# नवापारा में 5 हजार महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शुक्रवार का दिन नवापारा शहर के लिए ऐतिहासिक दिन साबित हुआ। श्रीराधाकृष्ण मंदिर से कलश लेकर निकली 5 हजार महिलाओं की शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र बनी रही। यह शोभायात्रा इंदिरा मार्केट, सदरबाजार, कुम्हार हटरी, साहू गुड़ी, सुभाष चौक होते हुए गंज मार्ग में प्रवेश कर वापस मंदिर पहुंची। रास्ते भर सभी समाज के लोगों ने जगह-जगह फूलों की पंखुड़ियों से न केवल स्वागत हुआ। बल्कि स्वल्पाहार और पेयजल का व्यापक इंतजाम देखने को मिला। शोभायात्रा का स्वागत करने वालों में ब्राम्हण समाज, साहू समाज, राजपूत समाज,सोनकर समाज, अग्रवाल समाज,सिंध समाज,जैन समाज, सतनामी समाज, गोंड़ समाज, कुम्हार समाज, कसेर समाज, केंवट धीवर समाज सहित कमोवेश नगर के सभी समाज के लोगों की श्रद्धाभक्ति देखते ही बन रही थी। स्वागत करने वालों में विशेष रूप से विधायक इंद्रकुमार साहू, पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र साहू, नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष संध्या राव, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी सहित पालिका के सभी सभापति, पार्षदगण, स्थानीय जनप्रतिनिधियो के अलावा ब्राम्हण समाज के प्रसन्न शर्मा, रमेश तिवारी, कै लाश शुक्ला, श्यामकिशोर शर्मा, अजय तिवारी, सौरभ शर्मा, मनहरन शर्मा, दिनेश तिवारी, सुभाषिनी शर्मा, रेखा तिवारी, लखन लाल सिन्हा,ललित नथवानी, देवराज सांखला, किशन सांखला, दिनेश सांखला पूरे परिवार के साथ मौजूद रहकर स्वागत किया। इस भीड़ भरे शोभायात्रा की खासियत रही कि महिलाएं पीले परिधानो में थी। शोभायात्रा के आगे-आगे 7 घोड़े जो धर्म ध्वजा फहराते हुए चल रहे थे।








### वाद्ययंत्रों से पूरा शहर गुंज उठा

राजनांदगांव से एक टीम पहुंची थी जो कलश यात्रा के दौरान बड़ी-बड़ी रंगोली बनाते चल रहे थे। महाकाल एवं अघोरियों की टोली अघोरी नृत्य पेश करते आगे बढ़ रही थी। राउत नाचा के अलावा उड़ीसा पदमपुर से 35 लोगो की टोली बड़े बड़े झांझ ,मंजीरा लेकर नृत्य करते चल रही थी। टोली में बस्तर से 40 लोगों की टीम पहुंची थी बैंड बाजे और तरह-तरह के वाद्ययंत्रों से पूरा शहर गुंज रहा था। शोभायात्रा में भगवान शंकर एवं पार्वती एक रथ में सवार थे तो दूसरी रथ पे कृष्ण-राधा की मूर्ति थी। अलग से रथ पर दीदी राधा किशोरी एवं नानी बाई सवार थी। ऐसी भीड़ एवं इस तरह का धार्मिक शोभायात्रा शहर में पहली मर्तबा देखने को मिली है। श्रीराधाकृष्ण मंदिर के सर्वराकार मोहन लाल अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, ट्रस्टी गोपाल अग्रवाल, गिरधारी अग्रवाल,नयन अग्रवाल, शरद शुक्ला, डॉ. टीएन रमेश, पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल, राजू काबरा, रूपेंद्र चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक, धर्मप्रेमी श्रद्धालुजन साथ चल रहे थे।

# भाजपा सरकार विकासित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए कटिबद्धः सचदेव

**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक मिल रहा है। उक्त बाते भाजपा मंडल मैनपुर महामंत्री दिनेश सचदेव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होने कहा छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव भाजपा सरकार के महतारी वंदन योजना से राज्य लाखो महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के उद्दे"य से लागु की गई एक ऐतिहासिक पहल है महतारी वंदन योजना का लाभ हर गांव और अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है यह सरकार के महत्वपूर्ण योजना है। भाजपा सरकार जनता से किए वायदो को पूरा कर रही है भाजपा ने किसानो से किया वायदा पूरा करते हुए 3100 रू. प्रति क्विंटल की दर धान खरीदी कर रही है और तो और केन्द्र के नरेन्द्र मोदी तथा राज्य के विष्णुदेव सरकार ने जरूरत मंद परिवारो के लिए लाखो प्रधानमंत्री अवास का निर्माण एक बहुत बड़ी



उपलब्धी है पर्यटन के क्षेत्र में भी सरकार के द्वारा ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री तिर्थयात्र योजना शुरू किया है जिसके तहत हजारो लोगो को इसका लाभ मिल रहा है। छत्तीसगढ़ के बुजुर्गो को मुक्त में तिर्थयात्र करवाई जा रही अंत्योदय के लक्ष्य और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए कटिबंद्ध डबल इंजन भाजपा सरकार निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। जनता को सभी योजनाओं का लाभ मिले हर नगर गांव का स्वर्गीण विकास हो अधोसंरचना निर्माण के क्षेत्र की प्रगति निरंतर जारी रहे इसके लिए भाजपा सरकार कृत संकल्पित है।

# कंप्यूटर साइंस के विद्यार्थियों ने किया इन्नोडीड, भिलाई का शैक्षिक उद्योग भ्रमण



**छुरा।** कंप्यूटर साइंस एवं इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग के विद्यार्थियों ने इन्नोडीड भिलाई का शैक्षणिक उद्योग भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को आईटी उद्योग की वास्तविक कार्य-प्रणाली, आधुनिक तकनीकों और प्रोफेशनल कार्य वातावरण से अवगत कराना था। भ्रमण कार्यक्रम विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. आनंद महलवार, रजिस्ट्रार डॉ. बीपी भोले, तथा डीन डॉ. एनके स्वामी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। दल का नेतृत्व हिमांसी साहू ने किया। उनके साथ सहायक प्राध्यापक नुकेश कुमार साहू, एवं लुकेश ठाकुर उपस्थित रहे। कुल 34 विद्यार्थियों ने इस इंडस्ट्रियल विज़िट में भाग लिया। इन्नोडीड के तकनीकी विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट प्रक्रिया, डेटा सेंटर संचालन, साइबर सुरक्षा उपाय, स्टार्टअप इनक्यूबेशन सुविधाएं, नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर और क्लाउड तकनीक के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। छात्रों ने लाइव तकनीकी प्रदर्शन भी देखा और उद्योग विशेषज्ञों से बातचीत कर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस सफल उद्योग भ्रमण की सराहना करते हुए छात्रों के उद्योग-उन्मुख विकास के लिए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# विशेष गहन पुनरीक्षण में स्वस्फूर्त हिस्सा लें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन चुनाव आयोग के मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य एसआईआर को क्षेत्र में सफल बनाने पूरी जिम्मेदारी से लगे हुए हैं। देवांगन लगातार क्षेत्र के उन ग्रामों और बूथ में पहुंच कर इस कार्य का जायजा ले रहे हैं, जहां एसआईआर की गति अपेक्षाकृत धीमी है। इस दौरान वे संबंधित इलाके के लोगों को लोकतंत्र के सबसे बड़े त्यौहार चुनाव में खुद का भाग लेना सुनिश्चित करने के लिए, इछड द्वारा दिए जा रहे निर्धारित प्रपत्र को ईमानदारी से भरने की अपील कर रहे हैं । श्री देवांगन लोगों को बता रहे हैं कि इस कार्य से देश के वास्तविक नागरिकों का मताधिकार सुरक्षित तो होगा ही साथ ही मतदाता सूची में जुड़े मृत मतदाताओं और अवैध घुसपैठियों की पहचान सुनिश्चित होगी, जिन्हें मतदाता सूची से पृथक कर निष्पक्ष मतदाता सूची बनाई जाएगी । यानि इस कार्य को मतदाता शुद्धिकरण कहा जा सकता है । उन्होंने कहा कि अवैध घुसपैठियों की संख्या देश में लगातार बढ़ी है।



### घुसपैठिए देश के साधन और संसाधन पर डाका डाल रहे

देवांगन ने कहा कि किसी भी कीमत पर सत्ता पाने की मंशा रखने वाले राजनीतिक दल अपने वोट बढ़ाने के लिए पिछले कई वर्षों से बांग्लादेश और म्यांमार जैसे देशों से घुसपैठियों को देश में बसाने का काम करते आए हैं, जिससे उनकी संख्या आज इतनी अधिक हो चुकी है कि वे लोग चुनाव प्रक्रिया में घुसपैठ कर अवैध मतदान करते हुए अपनी संरक्षक राजनीतिक पार्टियों को वोट करते हुए उन्हें सत्ता दिला रहे हैं। इसका सबसे बड़ा दुष्परिणाम यह है कि ये घुसपैठिए देश के साधन और संसाधन पर डाका डाल रहे हैं जबकि इस साधन और संसाधन पर देश के वैध नागरिकों का पहला अधिकार है । मोदी सरकार और केंद्रीय चुनाव आयोग ने देशवासियों के साथ हो रहे इस लूट पर पूर्णविराम लगाने का संकल्प लेकर रकफ प्रक्रिया शुरू की है । लेकिन यह तभी सफल हो पाएगा जब देश का प्रत्येक वैध बालिग नागरिक इस प्रक्रिया में हिस्सा लेगा । इसीलिए अपने मताधिकार की रक्षा, देश के साधन व संसाधन पर अपने अधिकार को सुरक्षित रखने के लिए देश के प्रत्यक नागरिक को इस रकफ कार्य में स्वस्फूर्त हिस्सा लेना चाहिए।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले युवक को 20 वर्ष का कारावास, अर्थदंड भी

**गरियाबंद।** नाबालिग पीड़िता को प्रेमजाल में फंसाकर भगाने व शादी करने का लालच देकर दुष्कर्म करने वाले पोषराम ध्रुव पिता अर्जुनलाल ध्रुव उम्र लगभग 21 वर्ष, निवासी-मुड़ागांव, थाना-छुरा जिला गरियाबंद को फास्ट ट्रेक विशेष न्यायालय (पॉक्सो एवं बलात्कार मामले) के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश यशवंत वासनीकर ने 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया हैं।

विशेष लोक अभियोजक हरि नारायण त्रिवेदी ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसकी नाबालिग पुत्री उम्र 13 वर्ष 04 माह 25 अगस्त 2024 को दोपहर घर में बिना किसी को बताये कहीं चली गई। किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसकी नाबालिग पुत्रीको बहला फुसलाकर भगा ले जाने की शिकायत पर थाना फिंगेश्वर द्वारा अपराध पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान पीड़िता की दशतयाबी पश्चात यह बताये जाने पर कि आरोपी पोषराम ध्रुव द्वारा उसे नाबालिग जानते हुए प्रेमजाल में फंसाकर अपने साथ भगा ले गया था। अपने गाँव के खेत के सुनसान मकान में रखकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी के विरूद्ध धारा 137 (2), 64 (2)(ड), 65(1) भार. न्याय संहिता एवं धारा 04, 06 पॉक्सो एक्ट के तहत न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। अभियोजन की ओर से उक्त अपराध को प्रमाणित करने हेतु अपने पक्ष समर्थन में कुल 11 साक्षियों का कथन कराये जाने के पश्चात अंतिम बहस में विशेष लोक अभियोजक हरि नारायण त्रिवेदी ने उक्त अपराध के लिए आरोपी को कठोर से कठोर दण्ड दिये जाने का आग्रह न्यायालय से किया। फास्ट ट्रेक विशेष न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश यशवंत वासनीकर द्वारा प्रकरण की गंभीरता, अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों का परिशीलन करते हुए आरोपी द्वारा नाबालिग पीड़िता को प्रेम व शादी का झांसा देकर भगा ले जाने और उसके साथ लगातार जबरदस्ती दुष्कर्म का अपराध करना प्रमाणित पाये जाने पर आरोपी पोषराम ध्रुव को पॉक्सो एक्ट की धारा 06 एवं 4 (2) के तहत 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं दो हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई। इसके अलावा भारतीय न्याय संहिता की धारा 137 (2) के तहत 02वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार रुपए का अर्थदण्ड व धारा 87 के तहत 2 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया हैं।

## एसआईआर के लिए ब्लाक प्रभारियों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने वर्तमान में चल रहे एसआईआर को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिले के सभी ब्लाकों में प्रभारी की नियुक्ति की है। शहर के लिए ब्लाक अध्यक्ष खिलावन बघेल और ब्लाक प्रभारी देवेश साहू, महासमुंद ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष ढेलू निषाद, ब्लाक प्रभारी मुकेश यादव,



झलप पटेवा ब्लाक अध्यक्ष खिलावन साहू, ब्लाक प्रभारी गणेश शर्मा, बागबाहरा ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष रवि निषाद, ब्लाक प्रभारी गुरमीत चावला, बागबाहरा शहर ब्लाक अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर, ब्लाक प्रभारी इश्तियाक खैरानी, कोमाखान ब्लाक अध्यक्ष संतोष पटेल, ब्लाक प्रभारी केशव चंद्राकर, ब्लाक प्रभारी गौरव चंद्राकर, अमन चंद्राकर, भंवरपुर ब्लाक अध्यक्ष जितेंद्र सिदार, ब्लाक प्रभारी नितेंद्र बनर्जी, सचिन गायकवाड़ को जिम्मेदारी दी गई है है।

# जिपं की सामान्य सभा में गूंजे किसानों शिक्षा, स्वास्थ्य व खराब सड़कों के मुद्दे



### घटिया काम पर ठेकेदार को करें ब्लैक लिस्ट

*प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना और लोक निर्माण विभाग के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर नेताम ने गम्भीर सवाल उठाए। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि घटिया काम पाए जाने पर ठेकेदार की ब्लैकलिस्ट किया जाए। साथ ही सड़कों के किनारे झाड़ियों की तत्काल सफाई कराने का निर्देश दिया। जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है और इस पर किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं होगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला पंचायत की सामान्य सभा में शुक्रवार को जनसमस्याओं की गूंज सबसे अधिक सुनाई दी। सभाकक्ष में जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम किसानों, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेशा क्षेत्र और सड़कों से जुड़े गंभीर मुद्दों पर मुखर रहे। वहीं इंद्रजीत महाडिक नल जल योजना पर सवाल पूछे। नेताम ने कई विभागीय लापरवाहियों पर कड़ा ऐतराज जताते हुए अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया और तत्काल कार्रवाई की मांग की। सभा के दौरान संजय नेताम ने किसानों से नापतौल के नाम पर की जा रही अवैध वसूली को कठोर शब्दों में उठाया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि किसानों से एक रुपये की भी अतिरिक्त वसूली बर्दाश्त नहीं होगी। इस पर प्रशासन ने भरोसा दिया कि अब किसी भी खरीदी केंद्र में किसानों से अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक ने ग्राम कुंडेल में नल जल योजना को लेकर सवाल किया। उन्होंने बताया कि काम अधूरा होने के बाद भी ठेकेदार यहां एनओसी देने दबाव बना रहे। नेताम ने दूरस्थ और वनांचल क्षेत्रों में शिक्षकों की भारी कमी पर चिंता जताई। उन्होंने नई भर्ती में पहाड़ी व वनांचल क्षेत्रों को प्राथमिकता देने की मांग की। कई गांवों में जर्जर स्कूलों की हालत का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चे पेड़ के नीचे पढ़ने को मजबूर हैं, ऐसे में नए भवनों की मंजूरी शीघ्र दी जानी चाहिए। किसान रकबा संशोधन, पंजीयन, कैरी फारवर्ड और एग्री स्टैक जैसी तकनीकी दिक्कतों को लेकर समितियों और तहसीलों के चक्कर काट रहे हैं। समय-सीमा के बावजूद काम लंबित रहने पर उन्होंने प्रशासन की उदासीनता को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि किसान अपना हक पाने के लिए दर-दर भटक रहा है, यह बेहद गंभीर स्थिति है। नेताम ने पेशा क्षेत्र में बिना ग्रामसभा अनुमति के हरे पेड़ों की कूप कटिंग पर कड़ा विरोध जताया। उन्होंने कहा कि पेशा क्षेत्र में ग्रामसभा सर्वोच्च है, विभाग मनमानी न करे। जिला सदस्य ने बताया कि अस्पतालों में दवाओं की भारी कमी है, जिससे मरीजों को बाहर से दवाई खरीदनी पड़ रही है। उन्होंने बैठक में मांग की कि सभी अस्पतालों में दवाओं की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

- **जिला पंचायत सदस्य ने काम अधूरा होने के बावजूद एनओसी के लिए दबाव बनाने की बातें कहीं**

### बाल विवाह न करने और न होने देने की सामूहिक शपथ दिलाई

# फणिकेश्वर नाथ कॉलेज में बाल विवाह रोकने छात्रों ने शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है जो बच्चों के मानसिक,शारीरिक और शैक्षणिक विकास में बाधा बनती है।इस कुप्रथा को रोकने हेतु महिला एवं बाल विकास मंत्रलय भारत सरकार एवं विभिन्न शैक्षणिक संस्थान द्वारा जागरूकता अभियान चला रहे हैं। बाल विवाह रोकने छात्रों ने शपथ लिया।

इसी उद्देश्य से फणीकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय, फिंगेश्वर में दिनांक 27 नवंबर को "बाल विवाह मुक्त शपथ कार्यक्रम" आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य, डॉ. सविता मिश्रा द्वारा किया गया। उन्होंने बाल विवाह की हानियों तथा इससे प्रभावित होने वाले बच्चों के भविष्य पर प्रकाश डाला।अगली कड़ी के रूप में फिंगेश्वर थाना से प्रधान आरक्षक संकल्प साहू द्वारा बाल विवाह निषेध कानून, 2006 के बारे में जानकारी दी गई।बाल विवाह निषेध कानून, 2006 का मुख्य उद्देश्य भारत में बाल विवाह को पूरी तरह रोकना और इसके लिए कड़ी सजा एवं कानूनी प्रावधान लागू करना है। यह कानून बाल विवाह को केवल गैर–कानूनी नहीं बल्कि दंडनीय अपराध घोषित करता है।इस कानून के अनुसार लड़की की न्यूनतम विवाह योग्य आयु 18 वर्ष और लड़के की न्यूनतम विवाह योग्य आयु 21 वर्ष है। इनसे कम उम्र में किया गया विवाह बाल विवाह कहलाता है।इसके बाद सभी उपस्थित लोगों को बाल विवाह न करने और न होने देने की सामूहिक शपथ दिलाई गई।शपथ के दौरान सभी ने हाथ उठाकर संकल्प लिया कि वे स्वयं बाल विवाह नहीं करेंगे और न ही अपने आस–पास इस कुप्रथा को होने देंगे।



### 150 विद्यार्थी एवं 25 प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया

कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों तथा कर्मचारियों ने भाग लिया। शपथ का मुख्य संकल्प बाल विवाह के विरुद्ध हर संभव प्रयास करेंगे, यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारे परिवार,पड़ोस,समाज और गांव में बाल विवाह न हो, हम बाल विवाह से जुड़े मामलों की सूचना संबंधित अधिकारियों को देंगे तथा हम समाज को जागरूक करने का कार्य करेंगे था। इस कार्यक्रम में कुल 150 विद्यार्थी एवं 25 प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।कार्यक्रम का समापन प्राचार्य ने धन्यवाद देते हुए किया और सभी को बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।यह कार्यक्रम विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए सामाजिक जागरूकता एवं जिम्मेदारी महसूस कराने वाला रहा।इससे सभी में बाल विवाह रोकने का सामूहिक संकल्प विकसित हुआ।यह कार्यक्रम महाविद्यालय के आंतरिक समिति के संयोजक डॉ. अलका कौशिक, सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र के द्वारा आयोजित किया गया।

## खबर संक्षेप

### प्राचार्य पीतांबर का बोरिद संकुल में हुआ पदोन्नति पर स्वागत



**फिंगेश्वर।** फिंगेश्वर विकासखंड के बोरिद संकुल के प्राचार्य पीतांबर सिंह ध्रुव के प्राचार्य पद पर उसी संकुल मे पदोन्नत होने पर संकुल केन्द्र के शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए गुलदस्ता भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया हैं। इस अवसर पर संकुल समन्वयक दिनेश कुमार सोनी ने प्राचार्य पीतांबर धुरव के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि अभी तो हम सभी शिक्षकों को उनसे बहुत कुछ सीखना है। उनकी नई पदस्थापना बोरिद हायर सेकंडरी में ही होने पर हम सभी को खुशी है। मै उनके उत्तम स्वास्थ एवं दीर्घायु होने की कामना करता हुं। व्याख्याता दिप्ती श्रीवास्तव मेडम ने कहा कि हम सभी के लिए यह खुशी की बात है कि प्रभारी प्राचार्य पीतांबर ध्रुव का प्राचार्य पद में इसी बोरिद हायर सेकेंडरी शाला में पदोन्नत हुआ है। मुझे सर के साथ लंबे समय तक कार्य करने का मौका मिला है जिससे हमे बहुत कुछ सिखने को मिला है और उनके सानिध्य मे और भी सिखने को मिलेगा। इस अवसर पर संकुल केन्द्र बोरिद के समस्त संस्था प्रधान एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### 15वें वित्त की राशि व मानदेय वृद्धि को लेकर सरपंच संघ ने दिया धरना



**मैनपुर।** सरपंच संघ गरियाबंद जिला द्वारा तीन सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर रैली निकाल ज्ञापन सौंपा गया। इस धरना प्रदर्शन में शामिल होने मैनपुर देवभोग क्षेत्र से बड़ी संख्या में सरपंच पंचा पहुंचे थे। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायतों को पंचायत चुनाव के बाद से अब तक 15वें वित्त की राशि नहीं मिली है जिसके कारण पंचायतों में मूलभूत कार्य नहीं हो पा रहे है 15वें वित्त की राशि एवं मूलभूत की राशि जल्द से जल्द प्रदान करने 20 लाख तक का कार्य ग्राम पंचायत को एजेंसी देने एवं सरपंचों का मानदेय 10 हजार एवं पंचों का 2500 रूपय करने को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया जिसमें पूरे जिले भर से सैकड़ों की संख्या में सरपंच पंच शामिल हुए।

### धान खरीदी कम करने के लिए रकबा कटौति कर रही है सरकार

**मैनपुर।** धान खरीदी में रकबा कटौती को लेकर सरकार पर



सवाल उठाते हुए ब्लाक कांग्रेस कमेटी मैनपुर के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा है छत्तीसगढ़ के किसान डिजिटल कॉर्प सर्वे और गिरदावली के बोगस आंकड़ों के आधार पर किए जा रहे रकबा कटौती से व्यथित हैं, 21 क्विंटल प्रति एकड़ के बजाय मात्र 15 से 17 क्विंटल प्रति एकड़ धान ही बेच पा रहे हैं। भाजपा सरकार की दुर्भावना से किसान शोषण का शिकार होने मजबूर है, सरकार के मौखिक आदेश से अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग त्रुटिपूर्ण व्यवस्था की गई है, एकीकृत किसान पोर्टल और एग्री स्टेक पोर्टल का मिलान करने पर कई किसान गायब मिल रहे हैं, धान के फसल के हजारों हेक्टेयर रकबा का पंजीयन कम हुआ है, इसमें से भी डिजिटल कॉर्प सर्वे में खेत के फसल को निरंक बताया गया है, अर्थात जिन किसानों ने अपने खेत में धान का फसल बोया गया है, उनके भी फसल के कॉलम में निरंक दर्ज कर दिया गया है जिससे किसान धान बेचने से वंचित हो रहे हैं किसानों के खेतों के रकबा में कटौती किसानों की आम समस्या बन गया है लेकिन इस और ध्यान नही दिया जा रहा है। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा धान खरीदी केन्द्रो में अव्यवस्था के कारण किसान पंजीयन के लिए भटक रहे है किसानो का टोकन नही कट रहा है किसान रोज सहकारी सोसायटी का चक्कर लगाने मजबूर हो रहे है लगातार रकबा एग्रीस्टेक में सुधान की मांग कर रहे है लेकिन इस ओर कोई ध्यान नही दे रहे है ऐसा लग रहा है कि सरकार किसानों की धान पूरा खरीदना नहीं चाहती इसलिए धान खरीदी कम करने के लिए रकबा कटौती कर रही है।

**आयोजन :** राजिम में मितानिन दिवस कार्यक्रम तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

# मितानिन बहनें विपरीत परिस्थितियों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने वाली स्वास्थ्य दूत हैं : रोहित

हरभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम में मितानिनों के अथक समर्पण और सेवा भाव को सम्मानित करने के लिए मितानिन दिवस कार्यक्रम तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर सहित स्थानीय पार्षदों ने अपनी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई और मितानिनों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक एवं सभी अतिथियों ने स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में असाधारण योगदान देने वाली मितानिनों को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने मितानिनों की सराहना करते हुए कहा कि मितानिन बहनें विपरीत परिस्थितियों में भी घर-घर जाकर लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती हैं ये हमारे लिए स्वास्थ्य दूत हैं।

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने तथा कोविड-19 जैसी महामारी के दौरान मितानिनों की भूमिका अमूल्य रही है। मितानिनों के समर्पण को हम नमन करते हैं। उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने भी मितानिनों के कार्यों की प्रशंसा की।




### मितानिनें स्वास्थ्य तंत्र के बीच एक मजबूत सेतु हैं : साहू



भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि मितानिनें केवल स्वास्थ्य कार्यकर्ता नहीं हैं, बल्कि वे ग्रामीण समुदायों और स्वास्थ्य तंत्र के बीच एक मजबूत सेतु हैं। उनके प्रयासों से ही टीकाकरण, संस्थागत प्रसव और कुपोषण उन्मूलन जैसे अभियानों को सफलता मिली है। सम्मान पाकर मितानिनों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। मितानिनों ने कहा कि यह सम्मान हमें और अधिक लगन से काम करने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर पार्षद सुमित्रा निराला,देवकी साहू,संतोषी श्रीवास्तव, भुवनेश्वरी साहू, बीएमओ स्नेहलता हुमने, संजीव साहू, ओमकार, टीकम सेन, मधु यदु, सेविका सोनी, भारतीय श्रीवास्तव, नीतू तिवारी, नीतू चौहान, एप्पा वर्मा सहित ब्लाक के सभी ग्रामों से आए मितानिन दीदी नगरवासी उपस्थित रहे।

## पंचायत करचाली में मितानिन एवं आंबा कार्यकर्ताओं का भव्य सम्मान समारोह



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम पंचायत करचाली में मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका सम्मान समारोह का गरिमामय आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर, अध्यक्षता सरपंच चेमिन दीवान, तथा विशेष अतिथि के रूप में तुकाराम दीवान (उपसरपंच), इशाई राम ध्रुव (सचिव) एवं अन्य सम्माननीय अतिथिगण मंचासीन रहे। मितानिन बहनें स्वास्थ्य जागरूकता, मातृ-शिशु देखभाल, टीकाकरण और घर-घर सेवाएं पहुंचाने में अनोखी भूमिका निभाती हैं। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं कुपोषण उन्मूलन, प्रारंभिक शिक्षा, पोषण आहार वितरण और बच्चों के सर्वांगीण विकास की मजबूत आधारशिला हैं। इनके सतत परिश्रम, सेवा और समर्पण ने करचाली क्षेत्र में स्वास्थ्य व पोषण के क्षेत्र को नई दिशा दी है। बड़ी संख्या में उपस्थित सभी मितानिन व आंगनबाड़ी दीदियों का सम्मान करना वास्तव में गर्व और प्रेरणा का क्षण रहा। सेवा की यह भावना यूं ही आगे भी समाज को मार्गदर्शन देती रहे।

## पं. द्वारतरा में मितानिन दिवस एवं आंबा कार्यकर्ता सहायिका दिवस मनाया गया

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम पंचायत द्वारतरा में मितानिन दिवस एवं आंगन बाड़ी कार्यकर्ता सहायिका दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पंकज निर्मलकर, जनपद सदस्य अध्यक्षता पन्नालाल ध्रुव, सरपंच संघ अध्यक्ष छुरा विशेष अतिथि महेश्वरी साहू उपसरपंच, खेलावन साहू, मितानिन समन्वयक, कृष्णा छतरे एमटी, हेमलाल मरकाम ग्रामीण सचिव, भुवन लाल मरकाम, हरिश कुमार ध्रुव, टीकमचंद साहू सचिव एवं सभी मितानिन व कार्यकर्ता सहायिका व सभी पंचायत के पंच उपस्थित थे।



## शताब्दी समारोह में विधायक साहू हुए शामिल

**नवापारा-राजिम।** शुक्रवार दोपहर विधायक इंद्रकुमार साहू नवापारा पहुंचकर श्री राधा कृष्ण मंदिर के शताब्दी वर्ष पर निकले कलश शोभा यात्रा का पुष्प माला के साथ नगरपालिका कार्यालय चौक के पास स्वागत किया। इसके पहले विधायक श्री साहू श्रीराधाकृष्ण मंदिर में पूजा अनुष्ठान में शामिल भी हुए। इस अवसर पर विधायक श्री साहू के साथ भाजपा जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष एवं नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल, नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, पार्षद



सभापति सचिन सचदेव, सहदेव कंसारी, लोमेश्वरी साहू, नम्मू नारायण, जीना निषाद, पूजा कंसारी, जग्गू यादव, परदेसी राम साहू, मुकुंद मेश्राम, साधना सौरज, सिंटू सौरभ जैन, धीरज साहू, राजू रजक सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।



## बीईओ ने सेवानिवृत्ति पर पीपीओ एवं जीपीओ प्रदान कर सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार साहू द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय फिंगेश्वर में फिंगेश्वर विकासखंड के सुखराम साहू(से. नि. सहायक ग्रेड 02 शासकीय हाई स्कूल गुंडरदेही) को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया।इसके साथ साथ उनके पीपीओ जीपीओ एवं अन्य स्वत्वों का भुगतान आदेश प्रदान किया गया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार साहू ने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का वह पड़ाव है जहां पर हम अपने काम की जिम्मेदारियां से मुक्त हो जाते हैं और नई पारी की शुरुआत करते हैं क्योंकि शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होता। उन्होंने आगे कहा कि विकासखंड फिंगेश्वर के अंतर्गत भविष्य में शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति के दिन संपूर्ण स्वत्वों का भुगतान करने के लिए आश्वस्त किया। ज्ञात हो कि उक्त लिपिक 30 नवम्बर 2025 को सेवानिवृत हो रहे हैं। इस अवसर पर सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह बहल एवं अनिल कुमार ध्रुव, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा, लेखापाल महेश्वर मारकंडे, उत्सव यदु, जयंत यदु, देवेंद्र सिन्हा, ललित डड़सेना एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय फिंगेश्वर के कर्मचारी उपस्थित थे।

## अंचल में कड़ाके की ठंड, खेतों में जमने लगी ओस की बूंदें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र में पिछले तीन से चार दिनों में तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की गई है, इससे आम जनजीवन पर असर पड़ने लगा है, सुबह से शाम के समय गलन महसूस की जा रही है, वहीं लोग अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा लेने लगें हैं। दिनभर शीतलहर चलने से सर्दी और ठंड का एहसास होने लगा है। जैसे जैसे सर्दी अपनी ठिठुरन भरी चादर ओढ़कर धरती पर उतर रही है, हवा में ठंडक के साथ चिंता की लहर भी फैलने लगी है। हमारे लिए यह मौसम गर्म कपड़ों, हीटर और सूप के प्यालों का है, लेकिन कुछ लोगों के लिए यही सर्दी हर दिन एक परीक्षा बन जाती है। खुले आसमान के नीचे, टूटी झोपड़ियों में या सड़कों के किनारे सिकुड़कर रात काटते अनगिनत लोग हर सांस के साथ से जंग लड़ते हैं। ठंड के कहर से सुबह के दौरान खेतों, बाडियो में रखे पैरावट में बर्फ़ की चादर बिछे देखी जा सकती है। पिछले तीन दिनों से रसेला अंचल में मौसम के साफ होते ही ठंड ने जबरदस्त दस्तक दे दी है। पिछले एक सप्ताह से ठंड गायब हो गई थी। लेकिन अचानक फिर से ठंड बढ़ने के साथ साथ सुबह से दोपहर तक शीतलहर हवा चलने से शरीर कांप रहा है। ठंड का कड़ा दौर शुरू हो गया है। दिन में चटख धूप खिलने के बावजूद शाम को कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है। गुरुवार को ठंड का रौद्र रूप जारी रहा और तामपान 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



### आनावश्यक घर से बाहर न निकलें

बढ़ती ठंड को देखते हुए नागरिकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव जारी किए हैं। उनके अनुसार बच्चे, बुजुर्ग और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोग अत्यधिक आवश्यक न हो तो घर से बाहर न निकलें। सुबह रात में विशेष सतर्कता बरतें तथा गर्म कपड़ों जैसे स्वेटर, जैकेट, टोपी और मफलर का नियमित उपयोग करें। जिन नागरिकों का अकेले रहना होता है, उन्हें प्रतिदिन परिवार या पड़ोसियों से संपर्क बनाए रखने की सलाह दी गई है। बेघर लोग रात में निकटतम निवारागृहो में ठहरे। पशुओं को सुबह की तेज ठंड में बाहर चराने से बचें और रात में उन्हें गर्म, सुरक्षित स्थान पर बांधकर रखें।

## महिला उत्थान, विधवा विवाह और अस्पृश्यता उन्मूलन में महात्मा फुले का योगदान अप्रतीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

■ महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी हुई

मरार पटेल समाज अभनपुर राज एवं छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन रायपुर संभाग के संयुक्त तत्वावधान में अभनपुर स्थित शाकंभरी भवन में महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी कार्यक्रम संपन्न हुआ । कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विद्वानों, चिंतकों और वक्ताओं ने सहभागी होकर महात्मा फुले की जीवनी, संघर्ष और उनके क्रांतिकारी विचारों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले के विचार आज भी समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक एवं प्रेरणादायक हैं। विषम परिस्थितियों में रहते हुए फुले ने शिक्षा, महिला उत्थान, विधवा विवाह, अस्पृश्यता उन्मूलन तथा समाज सुधार के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान दिया।

### फुले की जीवनी पाठ्यक्रम में शामिल करें

उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों और अंधविश्वास के विरुद्ध आजीवन संघर्ष किया। संगोष्ठी में सर्वसम्मति से महात्मा फुले की जीवनी को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने, चौराहों पर उनकी प्रतिमा स्थापना, तथा प्रदेश के सभी विद्यालयों में महात्मा फुले और माता सावित्री बाई फुले के छायाचित्र उपलब्ध कराने की मांग उठाई गई। आभार प्रदर्शन करते हुए राज अध्यक्ष ईश्वर पटेल ने कहा कि आने वाले वर्षों में महात्मा फुले की जयंती एवं पुण्यतिथि पर बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि उनके विचार जन-जन तक पहुंच सकें। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को माता सावित्री और महात्मा फुले की छायाचित्र भेंटकर सम्मानित किया गया। संगोष्ठी में मुख्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय कलाकार डॉ. कृष्ण कुमार पाटिल, वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. मनीष श्रीवास्तव, पीपला वेलफेयर फाउंडेशन संरक्षक आनंदराम, सांसद प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल ,सेवा.अपर संचालक राजेंद्र पटेल ,प्रदेश संयोजक ब्रम्हदेव पटेल जिलाध्यक्ष रायपुर ईश्वर पटेल, वेदव्यास धीवर, त्रिपुरारी पटेल ,फतीश साहू,वेदव्यास देवांगन ,भरत देवांगन,नारायण सोनी,महेंद्र पटेल ,धर्मेंद्र पटेल, अवध राम पटेल, मधुसूदन पटेल, कोमल पटेल, व्यास नारायण पटेल, झड़ीराम पटेल, मिलन पटेल, नोहर पटेल, संजय पटेल, तिहारु राम पटेल, रिखीराम पटेल, लक्ष्मण पटेल, पंचूराम पटेल, बंसीलाल पटेल, संतोष पटेल, कमलेश पटेल, गोपाल पटेल, दौलतराम पटेल सहित बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे।




बिजली स्कूल मे संविधान दिवस मनाया गया

## भारतीय संविधान भारत की सर्वोच्च विधि है : पूरन लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में संविधान दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित व श्रीफल फोड़कर किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन करते हुए कहा कि संविधान एक ऐसी मौलिक सिद्धांतो का समूह है जिसके अनुसार कोई राज्य संगठन शासित होता है।किसी देश को सुचारू रूप से चलाने के लिए संविधान की जरूरत होती है।संविधान कानून का एक अहम दस्तावेज है।यह सरकार के मूल संरचना और इसके कार्यो को तय करता है। संविधान लोकतंत्र का मूल आत्मा होता है और राज्य के सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है। देश के प्रशासन को सुचारू रूप से चलाने के लिए नियम बनाता है। संविधान देश के अन्य सभी कानूनो से श्रेष्ठ होता है। इसलिए भारतीय संविधान भारत की सर्वोच्च विधि है।उन्होंने आगे कहा कि इस दिन भारत ने अपने संविधान को अपनाया था।1946 में संविधान बनाने के लिए संविधान सभा का गठन किया गया और इसे बनाने में 2 वर्ष 11 माह और 18 दिन का समय लगा। दिनेश कुमार साहू व्याख्याता ने कहा कि भारतीय संविधान मौलिक अधिकारों की रक्षा करता है।संविधान हमारे देश की आत्मा है।इनका पालन करना हर नागरिक का कर्तव्य है। इस अवसर पर प्राचार्य पूरन लाल साहू, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, नरेन्द्र कुमार वर्मा, योगेश सोनकर गीतांजली नेताम, नकुल राम साहू, रुद्रप्रताप साहू, क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू, भृत्य आकाश सूर्यवंशी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।




